जनपद हमीरपुर

थाना चिकासी **दिनांक 10.11.2026**

थाना चिकासी पुलिस द्वारा जुआ खेलते हुए 04 अभियुक्त गिरफ्तार, ₹3,460/- नगद बरामद।

पुलिस कार्यवाही-

आज दिनांक 10.11.2026 को अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना चिकासी पुलिस द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु गश्त एवं चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान ग्राम रिहुंटा में वंशी के घर की दीवार की आड़ में कुछ व्यक्तियों द्वारा ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेले जाने की जानकारी प्राप्त हुई।

उक्त सूचना पर थाना चिकासी पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए जुआ खेल रहे 04 अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ के ₹3,060/- एवं जामा तलाशी के ₹400/-, कुल ₹3,460/- नगद बरामद किए गए।

इस संबंध में थाना चिकासी पर मु0अ0सं0 106/2026 धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1- पूरन पुत्र नरेश निवासी ग्राम रिंहुटा थाना चिकासी जनपद हमीरपुर।

2- रमेश कुमार पुत्र अर्जुन निवासी ग्राम रिंहुटा थाना चिकासी जनपद हमीरपुर।

3- प्रकाश पुत्र बौरा निवासी ग्राम रिंहुटा थाना चिकासी जनपद हमीरपुर।

4- रामबिहारी पुत्र स्वरूप प्रसाद निवासी ग्राम रंहक थाना चिकासी जनपद हमीरपुर।

गिरफ्तारी का स्थान-

ग्राम रिहुंटा थाना चिकासी जनपद हमीरपुर।

पुलिस टीम-

1.उ0नि0 सन्तप्रसाद

2.का0 छोटेलाल

3-का0 सूर्यांशू